दिनांकः 30.06.2024

समय : 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार।

- प्रदेश में आज से मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की होगी शुरूआत – मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 65 लाख किसानों के खातों में 6 सौ 50 करोड़ रूपये करेगें हस्तान्तरित।
- मुख्यमंत्री स्टॉप डायरिया अभियान 2024 और आभा आईडी बनाओं अभियान का भी करेंगे शुभारंभ
- राज्य में आज पल्स पोलियों अभियान के तहत पांच साल तक के बच्चों को पिलायी जायेगी पोलियो रोधी खुराक–
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार करेंगे साझा।
- भारत ने आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप का खिताब जीता–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टीम इण्डिया को दी बधाई ।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज किसानों के लिये मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारम्भ करेंगे। टोंक के कृषि उपज मण्डी में होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री योजना की पहली किशत के रूप में 6 सौ 50 करोड रूपयें की राशि 65 लाख किसानों के खातों में हस्तान्तरित करेंगे। हमारे टोंक संवाददाता ने बताया की मुख्यमंत्री वहां जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे।

.....................

गौर तलब है कि योजना के तहत किसानों की कृषि संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये उन्हें हर साल 2000 रुपये की अतिरिक्त राशि देने का राज्य सरकार ने फैसला लिया है। प्रथम किशत के रूप में एक हजार रूपये तथा दूसरी और तीसरी किशत के रूप में 500–500 रुपये किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किशत के साथ हस्तान्तरित किये जायेंगे। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत शामिल प्रदेश के 65 लाख से अधिक पात्र लाभार्थी किसानों को इसका फायदा मिलेगा।

आज पल्स पोलियों रविवार है। राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान के तहत प्रदेश भर में 5 साल तक के एक करोड़ से अधिक बच्चों को पोलियों रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर राज्य में अभियान का शुभारम्भ करेंगे।

राज्य में पोलियों रोधी खुराक देने के लिए साढे 61 हजार बूथ बनाए गए हैं। इस काम के लिए 77 हजार 500 से अधिक टीमें लगायी गयी हैं। आज बूथ पर पोलियो की खुराक पिलाने से छूटे बच्चों को अगले दो दिन घर–घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। मुख्यमंत्री आज ही दो और अभियानों स्टॉप डायरिया अभियान–2024 और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आभा आईडी बनाओ अभियान का भी शुभारम्भ करेंगे। 31 अगस्त तक चलने वाले स्टॉप डायरिया अभियान के तहत स्वास्थ्यकर्मी घर–घर जाकर पांच साल तक की आयु के बच्चों को दस्त से बचाव के लिए स्वास्थ्य परामर्श, ओआरएस पैकेट और जिंक की गोलियां उपलब्ध करवाएंगे। इससे दस्त संबंधी बीमारियों से बच्चों में होने वाली मौतों पर प्रभावी रोकथाम लगने की उम्मीद है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट यानि आभा आईडी का निर्माण किया जा रहा है। यह आमजन का हेल्थ अकाउंट है, जिसे 14 अंकों की आईडी द्वारा पहचाना जाता है। आभा आईडी की सहायता से किसी भी स्वास्थ्य सेवा कंपनी से पुराने रिकॉर्ड सुरक्षित और डिजिटल रूप में साझा किये जा सकेगें। अभियान के दौरान गांव–ढाणी तक पहुंचकर आमजन की आभा आईडी बनाना सुनिश्चित किया जाएगा।

अमरनाथ यात्रा के पहले दिन कल कड़ी सुरक्षा के बीच 13 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने दक्षिण कश्मीर हिमालय में अमरनाथ की पवित्रगुफा के दर्शन किए। इस बीच छह हजार छह सौ उन्नीस तीर्थयात्रियों का एक और जत्था अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ।

इसके साथ ही जम्मू आधार शिविर से अमरनाथ गुफा के लिए रवाना होने वाले तीर्थयात्रियोंकी कुल संख्या 15 हजार 251 हो गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद 'मन की बात' की यह पहली कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और दमूवदंपत मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारित किया जाएगा। तीसरी बार मोदी सरकार के बनने के बाद प्रसारित होने वाले इस पहले मन की बात कार्यक्रम को सुनने को लेकर प्रदेशभर में खासा उत्साह देखा जा रहा हैं। भारतीय जनता पार्टी की ओर से केई स्थानों पर कार्यक्रम के लाईव प्रसारण की व्यवस्था की गई हैं। इनमें राज्य सरकार के मंत्री और विधायक शामिल होगें।

भारत ने आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप का खिताब जीत लिया है। यह भारत का 17 साल बाद दूसरा टी–20 विश्व कप खिताब है। रोहित शर्मा की कप्तानी में कल वेस्टइंडिज के बारब्डोस में खेले गए रोमांचक फाइनल मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर ये जीत हासिल की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने विराट कोहली के 59 गेंदों पर 76 रन और अक्षर पटेल के 31 गेंदों पर 47 रनों की बदौलत 20 ओवर में 7 विकेट पर 176 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम आठ विकेट पर 169 रन ही बना सकी। भारत के लिए हार्दिक पंड्या ने तीन विकेट लिए, जबकि अर्शदीप सिंह और जसप्रित बुमरा ने दो–दो विकेट हासिल किए। विराट कोहली को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आठ मैचों में 15 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट से सम्मानित किया गया। भारत की इस जीत के साथ ही कप्तान रोहित शर्मा और वरिष्ठ खिलाड़ी विराट कोहली ने टी–ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीत के लिए भारतीय टीम को बधाई दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह जीत देश के हर व्यक्ति की जीत है।

......................

प्रदेश में मॉनसून के आगे बढने से कल कई स्थानों पर बारिश की गतिविधियां बनी रही। जयपुर संभाग के ज़िलों के साथ ही बीकानेर, जोधपुर संभागों और हाडोती क्षेत्र में भी मॉनसूनी बादल जमकर बरसे। धौलपुर के बाड़ी में कल दो घंटे हुई बारिश से निचले ईलाकों में पानी भर गया। बीकानेर में मॉनसून की पहली बारिश ने ज़िले वासियों को राहत की फुंहारों से भिगोया। जैसलमेर के मोहनगढ़ में कल शाम हुई तेज बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। जिले में पिछले दो दिनों से बारिश के बाद किसान खेतों में खरीफ फसलों की बुवाई जुट गये हैं। भीलवाड़ा जिले में कल रात भी कई स्थानों पर हल्की तो कहीं मूसलाधार बारिश हुई। राजधानी जयपुर में कल शाम कई स्थानों पर तेज बारिश होने से जगह–जगह पानी भरा गया। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी दो–तीन दिन जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ तेज बारिश होने ओर कहीं–कहीं अतिभारी बारिश होने की प्रबल संभावना है।